## सार-समाचार

### निर्वाचन साक्षरता महोत्सव आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** रूपवास कस्बे के सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे इलैक्टोरल लिटरेसी क्लब के स्वीप कार्यक्रम के तहत इलेक्टोरल निर्वाचन साक्षरता महोत्सव का आयोजन नायब तहसीलदार शंभू शरण के मुख्य आतिथ्य व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लखनपाल सिंह की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साक्षरता क्लब के कौर्डिनेटर ओमप्रकाश खूंटेला मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओ ने ईएलसी गीत, कविता के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा साक्षी कटारा ने शिव तांडव प्रस्तुत कर सभी को मोहित कर दिया। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी लखनपाल सिंह ने सभी बच्चो को मतदान का महत्त्व समझाते हुए कहा कि अपने घर के सभी व्यस्कों को मतदान डालने के लिए प्रेरित करें। उपस्थित वक्ताओं ने वोट की ताकत का वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक वोट की कीमत है। साथ ही विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार सीपी जोशी एक मत से चुनाव हार गए। इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि खूँटेला ने बताया कि कस्बे के सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय को म्स्ब् क्षेत्र के श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिए जिला कलेक्टर 25 जनवरी 26 के सम्मानित किया है। इसी क्रम में संस्था के प्रबंधक अध्यक्ष अभिषेक कटारा, प्रधानाचार्य बहादुर सिंह, ईएलसी के विद्यालय प्रभारी नरेशचन्द शर्मा सहित 20 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं साफा बांध सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी कांत, नरेशचंद, विकास, हरी मोहन शर्मा, अनीता शर्मा, पुष्पा शर्मा, थाने सिंह सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मानसिंह अकेला ने किया। अतिथियों का आभार प्रबन्धक अभिषेक कटारा ने व्यक्त किया।

### मोक्षधाम विकास के लिए 5,11,000 दिए

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** कृषि उपज मंडी यार्ड में आयोजित कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल की ओर से करौली रोड स्थित मोक्षधाम के विकास कार्यों के लिए 5,11,000 की सहयोग राशि प्रदान की गई। यह राशि व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश (टोडूपुरा) के नेतृत्व में व्यापार मंडल के सदस्यों के सहयोग से दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इस सहयोग से मोक्षधाम के विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद हिण्डौन सिटी के सचिव दीनदयाल सिंहल, कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा, मोक्षधाम प्रकल्प प्रभारी पवन एरेन एवं पर्यावरण प्रभारी राजेंद्र बजाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद की ओर से कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा ने व्यापार मंडल एवं उसके सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन मंडी यार्ड परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** निर्मल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल (इंग्लिश मीडियम) में विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट संयोगिता गहलोत ने विद्यार्थियों को कानून की आवश्यकता, अधिकारों की रक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी से नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझ सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय निदेशक मनीष चौधरी एवं प्रधानाचार्य दुष्यन्त शर्मा ने अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रेमसिंह बैनीवाल, शिवकुमार शर्मा, रामबृज, चन्द्रकेश, रवि, वीरेंद्र भटनागर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### रिंकू खेड़ी हैवत बने प्रदेश सचिव

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की ओर से राजस्थान में संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई सूची जारी की गई है। सूची में रिंकू खेड़ी हैवत (रिंकू कुमार जाटव) को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी सूची के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। रिंकू खेड़ी हैवत पूर्वी राजस्थान में संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं और भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के लिए कार्य कर चुके हैं। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। रिंकू खेड़ी हैवत ने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। पार्टी इसे मिशन 2027 की तैयारी से जोड़कर देख रही है।

### 65 सीटर वाचनालय का उद्घाटन

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में 9 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालना में 65 सीटर वाचनालय एवं लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर मुख्य अतिथि रहे, जबकि पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पप्पू राम कोली ने की। वाचनालय में प्रशासनिक सेवाओं, बैंकिंग, रेलवे, शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, वाई-फाई एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताया। प्राचार्य डॉ. पप्पू राम कोली ने महाविद्यालय में शिक्षकों के पद भरने तथा पुस्तकालयाध्यक्ष की नियुक्ति की मांग रखी। वाचनालय समन्वयक डॉ. गंगाराम मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में वॉटर टैंक, गार्डन, पार्किंग एवं प्रयोगशालाओं का कार्य प्रगति पर है तथा खेल मैदान की आवश्यकता भी बताई गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितेश जैन ने किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार मीणा, डॉ. श्रीनिवास गुर्जर, डॉ. उपमा मीणा, डॉ. आशा राठौर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# ‘अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता’

- अधिकारियों को ढाई माह में पेय जल योजना को पूरा कराने के दिए निर्देश
- आदि बद्री में 65.55 लाख रूपये की पेयजल योजना का शिलान्यास

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** आदिबद्री धाम की इस पावन धरा पर बद्री नारायण जी और पूज्य संतों के आशीर्वाद से इस महत्वपूर्ण पेयजल परियोजना का शिलान्यास करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है यह बात सोमवार को आदि बद्री में पेयजल योजना का शिलान्यास करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कही।

उन्होंने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की संवेदनशील पहल है। प्रदेश सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है, जिसमें अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। हर घर जल, हर घर खुशहाली के संकल्प के साथ गांव-गांव में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और जहां भी समस्या है, वहां प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है।

गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री बेढ़म ने डीग जिले के बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव अलीपुर स्थित आदिबद्री धाम में 65.55 लाख रुपए की लागत से बनने वाली वृहद पेयजल परियोजना का वैदिक मंत्रोच्चार और साधु-संतों के सानिध्य में शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आदिबद्री धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो, यह सरकार की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने अधिकारियों और संवेदकों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करते हुए इसे निर्धारित छह माह के बजाय ढाई माह में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाए, ताकि आगामी गर्मी में लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों अनिवार्य हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से क्रियान्वित इस परियोजना के तहत गांव अलीपुर में एक लाख लीटर क्षमता का आरसीसी उच्च जलाशय बनाया जाएगा।

इसके साथ ही 200 एमएम व्यास का नलकूप खनन और विस्तृत पाइपलाइन नेटवर्क भी तैयार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कार्य क्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और शिलान्यास पट्टिका के अनावरण से हुई। साधु-संतों ने वैदिक रीति से भूमि पूजन संपन्न कराते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को आशीर्वाद दिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## समीक्षा बैठक

**धौलपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान फ्लैगशिप योजना, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

# बयाना में 5 करोड़ से बन रहा शीतला माता का मंदिर

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना के ब्रह्मबाद (नयावास) स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर के निर्माण में समाज ने आस्था की नई मिसाल पेश की है। जहां ठााम पंचायत पुरावाईखेडा और स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई, वहीं काठेडिया, जेपरिया और डुडाडिया (सपरा वाले) समाज के 12 हजार भामाशाह आगे आकर मंदिर निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह भव्य मंदिर पिछले तीन वर्षों से निर्माणाधीन है और इसे पूर्ण होने में अभी लगभग एक वर्ष का समय और लगेगा।

राम मंदिर जैसा पत्थर, आधुनिक नक्काशी मंदिर निर्माण में रूपवास के वंशीपहाड़पुर का सफेद पत्थर लगाया जा रहा है, जो अयोध्या के राम मंदिर में भी उपयोग हुआ है। पत्थरों पर धार्मिक कथाओं की आधुनिक और कलात्मक नक्काशी की जा रही है। निर्माण कार्य में जुड़े कारीगर सुरेश महावर, रविंद्र, अमर, लोकेश और आशु का कहना है कि इतने भव्य मंदिर के निर्माण में तीन साल से अधिक का समय लगना स्वाभाविक है।

शीतला माता का यह मंदिर प्राचीन है, जहां सैकडों वर्षों से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिर परिसर के कुएं के पानी के छिड़काव से चेचक (चिकनपॉक्स) जैसी बीमारियों से राहत मिलती है। होली के एक सप्ताह बाद हर साल ब्रहमबाद (नयावास) में मां शीतला का लक्खी मेला ठााम पंचायत द्वारा आयोजित किया जाता है। इस मेले में करीब 50 हजार श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

मेला तीन दिनों तक चलता है और इसके साथ ही राजस्थान में मेलों की शुरुआत मानी जाती है। मेले के दौरान सैकड़ों दुकानें, कुश्ती-दंगल, घोड़ी नृत्य और अन्य मनोरंजन के साधन लगाए जाते हैं, जिससे ग्राम पंचायत को हर साल लाखों रुपये की आय होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मां शीतलादेवी को ठंडा और बासा प्रसाद अर्पित किया जाता है, जो एक दिन पहले तैयार किया जाता है। प्रसाद में मीठे चावल, पूड़ी, सब्जी, दही, बताशे, पान और बीड़ा शामिल होता है। इस दौरान मंदिर में महिलाओं की विशेष भीड़ रहती है।

# “बेटी गोद” कार्यक्रम के तहत 17 लाख के चेक वितरित किए

- नामदेव फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड की सराहनीय पहल, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने किया वितरण
- अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 650 बेटियों को गोद लिया जा चुका है

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सैनी माली समाज के तत्वाधान में नामदेव फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से शिक्षा से वंचित बेटियों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। “बेटी गोद” कार्यक्रम के तहत 160 बेटियों को शैक्षणिक विकास के लिए कुल 17 लाख 24 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 650 बेटियों को गोद लिया जा चुका है। शहर के मधुबन रिसोर्ट में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बेटियां एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। खचाखच भरे परिसर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, सैनी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल माली, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रेरक सी.एल.सैनी, नामदेव फिनवेस्ट प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक जितेंद्र तंवर, निदेशक लतिका तंवर, संयुक्त निदेशक दिनेश सैनी, रश्मि सैनी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू तथा उन्नति ग्रुप की संरक्षक कांता सैनी ने संयुक्त रूप से चेक वितरित किए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कहा कि बेटियों की शिक्षा को संबल देने का नामदेव फिनवेस्ट का यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की त्रासदी से प्रभावित परिवारों के लिए भामाशाह जितेंद्र तंवर द्वारा किए गए सामाजिक सरोकार राजस्थान के लिए गौरव की बात हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित सरकार की सोच के अनुरूप इस प्रकार की पहलें प्रेरणादायी हैं।

कार्यक्रम के संयोजक एवं "बेटी गोद" महाअभियान के प्रेरक सी. एल. सैनी ने कहा कि बेटी दो घरों की शोभा होती है। इसी भाव के साथ गंगापुर सिटी से इस अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने हैं। उन्होंने कहा कि आज कई बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं और भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं में भी अपनी पहचान बनाएंगी। यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। नामदेव फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड के राकेश सैनी ने कंपनी की विकास यात्रा से अवगत कराते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा में धन की कभी कमी नहीं आने दी जाएगी और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन आगे भी पूरी निष्ठा से किया जाता रहेगा। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज के लोगों द्वारा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी का 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया गया। उन्नति ग्रुप की ओर से बेटियों के बढ़ते हौसलों को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व सभापति संगीता बोहरा, भाजपा नेता दीपक नरूका आम चौरासी अध्यक्ष गिर्राज कोतवाल सहित सैनी समाज के भरतपुर, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बामनवास, खंडार एवं वजीरपुर क्षेत्र के तहसील व जिला पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे। आभार महेश सैनी ने व्यक्त किया। राष्ट्रगान से समापन हुआ।

## लता मंगेशकर व जगजीत सिंह को संगीतमय नमन

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में होली मदर एजूकेशनल एण्ड चौरिटेबिल सोसायाटी द्वारा संचालित एव प्रयागराज संगीत समीति से मान्यता प्राप्त होली मदर स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा भारतीय संगीत जगत की महान विभूतियों स्वर-कोकिला लता मंगेशकर एवं गजल सम्राट जगजीत सिंह की स्मृति में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक संगीत प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। म्यूजिक स्कूल के सेन्टर हैड सरिता पारासर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तथा संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी ने सभी का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम को करने के उदेद्श्य बताया कि युवा व नये उभरते संगीत प्रेमियो को अभिव्यक्त करन हेतू मंच प्रदान करने के साथ भारतीय संगीत के महान और अमर कलाकरों के अमूल्य योगदान को याद करने तथा उन्हें संगीत के माध्यम से श्रद्धांजलि देने का है। आरंभ में होली मदर स्कूल ऑफ म्यूजिक के विद्यार्थियों द्वारा की-बोर्ड, तबला, ऑक्टोपैड एवं ड्रम्स के माध्यम से प्रस्तुत संगीतमय समन्वय ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर 7 से 70 वर्ष की आयु के 25 गायकों ने गीतों और गजलों के माध्यम से लता मंगेशकर एवं जगजीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आदर्श ग्राम पंचायत रारह को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** महिला एवं बालिका हितैषी आदर्श ग्राम पंचायत रारह का देशभर की केवल आठ चयनित ग्राम पंचायतों में सम्मिलित होना न केवल ग्राम पंचायत रारह, बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का विषय है। यह राष्ट्रीय उपलब्धि महिला सुरक्षा, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समावेशन तथा सतत एवं समावेशी विकास के क्षेत्र में ग्राम पंचायत रारह द्वारा किए गए निरंतर, नवाचारपूर्ण एवं जनभागीदारी आधारित प्रयासों की सशक्त मान्यता है। ग्राम पंचायत रारह ने महिला एवं बालिका सशक्तिकरण को केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित न रखते हुए उसे नीतियों, निर्णयों और व्यवहार में उतारकर एक प्रभावी मॉडल के रूप में स्थापित किया है। शिक्षा को बढ़ावा, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष फोकस, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता, डिजिटल सशक्तिकरण, स्वच्छता, सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण तथा समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए किए गए कार्य आज देशभर की ग्राम पंचायतों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बन चुके हैं। महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मविश्वास को प्राथमिकता देते हुए ठााम पंचायत में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण, डिजिटल सुविधाओं की उपलब्धता तथा पारदर्शी सुशासन की व्यवस्था को मजबूती दी गई है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ठााम पंचायत रारह में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिणक भागीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रारह की सरपंच कुसुम सिंह ने कहा देशभर की केवल आठ चयनित ग्राम पंचायतों में महिला एवं बालिका हितैषी आदर्श ग्राम पंचायत रारह का चयन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव एवं आत्मसंतोष का विषय है। यह सम्मान महिला सुरक्षा, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की दिशा में ग्राम पंचायत द्वारा किए गए निरंतर एवं योजनाबद्ध प्रयासों का प्रतिफल है। यह उपलब्धि सम्पूर्ण राजस्थान के लिए प्रेरणा है और हमें महिला एवं बालिका हितैषी समाज के निर्माण हेतु और अधिक संकल्पबद्ध होकर कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करती है। यह राष्ट्रीय सम्मान ग्राम पंचायत रारह की सामूहिक सोच, जनसहभागिता, प्रभावी नेतृत्व और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्राम पंचायत रारह ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नारी सशक्त होती है, तभी समाज सशक्त होता है और तभी राष्ट्र प्रगति करता है।

# कोई भी नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे : जिला कलक्टर

**भरतपुर,(निसं)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं में सभी विभाग पात्रजनों को चिन्हित कर शत्-प्रतिशत लाभान्वित करें, जिससे जिले में कोई भी नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने एनसीआर को देखते हुए आगामी समय में जिले में कृषि भूमि में खेतों की मेंढ एवं प्रमुख मार्गो पर अभी से सघन पौधारोपण का प्लान तैयार कर किसानों व आमजन को भी प्रेरित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में सभी विभाग राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्यों में शत्-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित कर पात्र लोगों को लाभान्वित करें। विभागवार समीक्षा करते हुए उन्होंने यूडीआईडी कार्ड बनाने से शेष आवेदनों की जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करने के उपरान्त चिकित्सकों के समक्ष दिव्यांगता की जांच में उपस्थित नही होने वाले आवेदकों को अन्तिम मौका देकर पोर्टल पर आवेदन निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी पात्र दिव्यांग व्यक्ति यूडीआईडी कार्ड से वंचित नही रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि लाडो योजना में बालिका के जन्म के समय ही आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करें जिससे अस्पतालों में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जा सके। जिला कलक्टर ने पालनहार योजना के पात्र सभी बच्चों का विद्यालयों मे सत्यापन के आधार पर सहायता राशि जारी करने, पेंशनर्स का उपखंड अधिकारी एवं नगर निकायों से सत्यापन करवाकर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5 वर्षों से कम आयु के बच्चों के बाल-आधार कार्ड बनवाकर अपार आईडी शत्-प्रतिशत जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपार आईडी में पिछड़ने वाले सीडीपीओ को नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत सभी शिक्षा अधिकारियों को निरीक्षण के लक्ष्य पूरे करने, शिक्षा विभाग की सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना में घरों पर सौर ऊर्जा एवं किसानों को नल-कूप के लिए सोलर प्लेट लगाने प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में नालें, नालियों व ड्रेनेज सिस्टम की जांच कर लेवल को बनाये रखने के लिए सभी एजेंसियों को पाबन्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को प्रगतिरत कार्यों की जांच करावाने हेतु टीम भेजने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता सम्पन्न

**भरतपुर, (निसं)।** टैक्नोलॉजी पार्क स्थित हरिदत्त डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में अन्तर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन निदेशक डा. आलोक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें भरतपुर, डीग व धौलपुर के महाविद्यालयों के प्रतियोगियों ने भाग लिया। टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डा. आलोक शर्मा ने बताया कि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयी ताईक्वांडो प्रतियोगिता में भरतपुर, डीग व धौलपुर के महाविद्यालयों के पुरूष व महिला प्रतियोगियों ने विभिन्न बजन वर्ग में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाडियों को कूपर टेस्ट के अर्न्तगत 1600 मीटर की दौड करवाई गई। प्रतियोगिताओं में एकल महिला में 53 किलोठााम में तनु शुक्ला व एकल पुरूष वर्ग में 54 किलो, 58 किलो, 63 किलो, 68 किलो, 74 किलो, 80 किलो व 87 किलोठााम में क्रमशः विजय प्रजापत, समीर वर्मा, जय सिंघल, पार्थ चौधरी, ललित कुमार, तेजवीर सिंह मदेरना, हिमांशु सिंह व वीर प्रताप सिंह, जयप्रकाश बंसल ने डी ए वी जालन्धर प्रतियोगिता के लिए योग्यता हासिल की एवं समूह वर्ग महिला वर्ग में प्रिया कुमारी, हर्ष लवानियां तथा पुरूष वर्ग में आयन बेग, चिराग सिंह, मोहित सिनसिनवार ने योग्यता प्राप्त की। ताईक्वांडो प्रतियोगिता के खेल पर्यवेक्षक संयोजक औंकार पंचोली, निर्णायक मण्डल में प्रतीक शर्मा, सुमित, विजीतपाल, दिव्यांशु कटारा रहे। इस अवसर पर डा. हेमन्त कुमार, ड. सन्जू शर्मा, डा. नीलम सिंह, इन्दुशेखर शर्मा, सुखदेव सिंह, चन्द्रप्रकाश, विनोद अवस्थी, डी सी सैनी व अन्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 6 से 15 नवम्बर को अमृतसर स्थित गुरूनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में अन्तर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में उक्त योग्यता प्राप्त खिलाडी भाग लेंगे।

### एसएचओ को रास्ता खुलवाने के निर्देश

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बामनवास तहसील के गांव सीतोड़ (बड़ी झोपड़ी कसाना ढाणी) में आम रास्ता ब्लॉक करने के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा की खंडपीठ ने इस मामले में एसएचओ बामनवास को तत्काल रास्ता खुलवाने और मौके पर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में दोबारा रास्ता बंद न किया जा सके। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि अगर आवश्यकता पड़े तो रास्ता ब्लॉक करने वालों के खिलाफ मामला भी दर्ज करें। अदालत ने यह आदेश शिवराम और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता भवानी सैनी और कपिल चांवरिया ने अदालत को बताया कि जिस रास्ते को अवरूद्ध किया गया है वह रास्ता बड़ी झोपडी, कसाना ढाणी में जाता हैं। यह 300 ग्रामीणों के आने-जाने का एकमात्र रास्ता हैं। रास्ता अवरूद्ध होने पर ग्रामीणों, विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों के लिए एम्बुलेंस तक ढाणी में नहीं पहुंच पा रही है। 16 जनवरी को एडीएम गंगापुरसिटी के निर्देश के बाद भी रास्ता नहीं खुला। जिसके बाद ग्रामीणों ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस पर अदालत ने राज्य सरकार, कलक्टर, सवाईमाधोपुर सहित अन्य को नोटिस जारी करते हुए एसएचओ को तुरंत रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए।

### छात्र अतुलित जोशी का हुआ सम्मान

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के छात्र अतुलित जोशी ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। वह देशभर के सीबीएसई विद्यार्थियों में शीर्ष 1.5 प्रतिशत में शामिल हुए हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त ने उन्हें प्रशस्ति प्रमाण पत्र और दस हजार रुपए का चेक प्रदान किया। विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य एस.एन. मीना ने अतुलित जोशी के पिता मुकेश कुमार शर्मा को प्रमाण पत्र और चेक सौंपकर छात्र की सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा और अतुलित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतुलित जोशी के पिता मुकेश कुमार शर्मा ने बेटे की सफलता का श्रेय विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, प्राचार्य एस.एन. मीना के मार्गदर्शन और सभी शिक्षकों के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। विद्यालय प्रबंधन ने अतुलित की उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।


Government of Rajasthan
Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657
कमांकः–देवराबाआवि / लेखा / 2025–26 / दिनांकः–

**NIT - 06/2025-26 ( NIB :-SOC2526A0362)**

Bids for blanket, khesh, bedsheet durry and durry farsh items are invited from interested bidders upto date 14-02-2026 Time 01:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website. The approximate Value of the Procurement is Rs. 9.41 Lakh.

UBN No. :- SOC2526GSOB00391

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur



Government of Rajasthan
Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657
कमांकः–देवराबाआवि / लेखा / 2025–26 / दिनांकः–

**NIT - 05/2025-26 ( NIB :-SOC2526A0360)**

Bids for bed items are invited from interested bidders upto date 13-02-2026 Time 01:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website. The approximate Value of the Procurement is Rs. 9.80 Lakh.

UBN No. :- SOC2526GSOB00389

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर राईस द्वारा संचालित

**देवनारायण राजकीय बालिका अवासीय विद्यालय, अंधपुरा-सकरघट, करौली ( राज. )**

क्रमांक:-दे.रा.बा.आ.वि./अंधपुरा/निविदा/2025-26/373 दिनांक:-07.02.2026

**खुली निविदा सूचन संख्या 02/2025-26**

देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय अंधपुरा सकरघटा जिला करौली में आवासरत छात्राओं हेतु निम्न सारणीनुसर सामग्री का क्रय किया जाता है। अत: उक्त सामग्री क्रय करने हेतु राजस्थान राज्य में स्थित पंजीकृत संवेदकों/अधिकृत संस्थाओं/निर्माताओं/विक्रेताओं से निम्नानुसार खुली निविदा अमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत ( लाखों में ) | बोली प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत ( रू. ) | निविदा प्रपत्र शुल्क ( रू. ) समय | निविद प्रपत्र विक्रय प्रारंभ करने की दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अंतिम दिनांक व | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पलंग, गद्दे, तकिया, तकिया कवर, कम्बल, खेस, दरी एवं बैडशीट्स की आपूर्ति (UBN SOC2526GSOB00396) | 2.00 लाख | बोली प्रतिभुति 4000/- | 500/- | 07.02.2026 01 PM | 16.02.2026 12 PM | 16.02.2026 03 PM |

निविदा के सम्बंध में सभी जानकारी, निविदा, दस्तावेज मय शर्तें अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट www.sje.rajasthan.gov.in एवं राजस्थान सरकार के लोक उपापयन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा सकते हैं।

( संतोष कुमार जैन )
प्रधानाचार्य
देवनारायण राजकीय बालिका अवासीय विद्यालय
अंधपुरा-सकरघटा करौली